# कार्यालय जिला कलेक्टर एवं जिला परियोजना समन्वयक दौसा, (राजस्थान)

क्रमांकः / IRGY-Urban / विज्ञप्ति / 2022 / 5622 दिनांकः 11/07/22

## :: संशोधित विज्ञप्ति ::

मुख्यमंत्री बजट घोषणा वर्ष 2022–23 के अन्तर्गत लागू इन्दिरा गांधी शहरी रोजगार गारन्टी योजना के प्रभावी कियान्वयन एवं प्रबंधन हेतु दौसा जिले की नगर निकायों (नगर परिषद दौसा, नगर पालिका नगर पालिका लालसोट, नगर पालिका बांदीकुई, नगर पालिका महवा, नगर पालिका मण्डावरी) में कार्मिक विभाग की अधिसूचना संख्या F.17(4)DOP/A-2/2014 दिनांक 11.1.2022 के अनुसार पदो के लिए संविदा पर नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाते है।

| क्र. स. | नगरीय निकाय का नाम | पदनाम | शैक्षणिक योग्यता | पदो का विवरण | मानदेय (प्रतिमाह) प्रति संविदा कार्मिक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद दौसा<br>नगर पालिका बांदीकुई<br>नगर पालिका लालसोट<br>नगर पालिका महवा<br>नगर पालिका मण्डावरी | कनिष्ठ तकनीकी सहायक | सिविल अभियांत्रिकि में डिग्री / डिप्लोमा | 11 | 20,000 / – |
| 2 | | लेखा सहायक | बि.कॉम / सी.ए / इन्टरमिडियेट (आई.पी.सी) / ICWA (इन्टर) / कम्पनी सेकेटरी (इन्टर) | 06 | 12,000 / – |
| 3 | | MIS (मैनेजर) | BCA | 06 | 12,000 / – |
| 4 | | शहरी रोजगार सहायक | स्नातक + RS-CIT कोर्स उर्त्तीण | 12 | 7500 / – |

इच्छुक अभ्यार्थी अपना आवेदन मय प्रमाणित शैक्षणिक / अनुभव / जाति प्रमाण पत्रो के दस्तावेजो सहित दिनांक 22.7.2022 तक कार्यालय समय में कार्यालय नगर परिषद दौसा में कमरा नं 02 में व्यक्तिशः अथवा जरिये डाक से भिजवाया जा सकता है। नियत समय के बाद आवेदन प्राप्त होने पर विचार नही किया जावेगा। विज्ञप्ति से संबंधित अन्य सूचनाऐं / निर्देश वेबसाईट https:// dausa.rajasthan.gov.in/ पर देखी व प्राप्त की जा सकती है एवं अधिक जानकारी नगर परिषद दौसा कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**विज्ञप्ति की शर्ते :–**

1. वर्ग के वर्गीकरण एवं संविदा अनुबंध के संबंध में DOP के आदेश दिनांक 07.08.2007 के रोस्टर के अनुसार रहेगा।
2. Ex.service man के संदर्भ में डीपीओ के नोटिफिकेशन दिनांक 07.08.2007 के परिपत्रादेश के आधार पर पद आरक्षण लागू किया जावेगा।
3. आयुः– न्यूनतम आयु 21 वर्ष अधिकतम आयु 40 वर्ष (दिनांक 01.6.2022तक) एवं कार्मिक विभाग के आदेश दिनांक 11.01.2022 के अनुसार वर्ग की पात्रता अनुसार छुट देय होगी।
4. संविदा भर्ती पूर्णतया मेरिट पर आधारित होगी। इसके लिए साक्षात्कार हेतु कोई प्रावधान नही रखा जावेगा।
5. संविदा अभ्यार्थीयों के प्राप्त आवेदनो के आधार पर संविदा पदों की पदवार निर्धारित न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता के प्राप्तांको के आधार पर मेरिट तैयार की जावेगी।
6. संविदा कनिष्ठ तकनीकी सहायक के पद हेतु 80 प्रतिशत पद डिग्रीधारियों से 20 प्रतिशत पद डिप्लोमाधारियो से भरे जावेंगें।
7. संविदा नियुक्त प्रथतमः 31 मार्च 2023 तक प्रभावी रहेगी।
8. एक अभ्यर्थी द्वारा एक पद के लिए केवल एक ही आवेदन पत्र प्रस्तुत किया जावेगा अन्य आवेदन निरस्त कर दिया जावेगा।
9. आवेदन प्रपत्र कार्यालय समय में नगर परिषद दौसा से प्राप्त किये जा सकते है।
10. शहरी रोजगार सहायक संविदा पद हेतु स्नातक + RSCIT के प्राप्तांको के आधार पर की जावेगी। परन्तु मेरिट लिस्ट का संधारण केवल स्नातक डिग्री के प्राप्तांक के आधार पर ही किया जावेगा। RS CIT हेतु मेरिट में कोई प्रावधान नही रखा जावेगा।
11. इस संविदा भर्ती हेतु कोई आवेदन शुल्क देय नही होगा।

E/Comm/ltr/

12. संविदा से भरे जाने वाले पदों की भर्ती जिले के समस्त स्थानीय निकायों के संविदा पदों की पदवार गणना कर जिला स्तर पर ही की जाएगी, जिसमें संविदा भर्ती नियम 2022 के नियम 10 के अनुसार प्रावधित आरक्षण प्रावधानों की पालना की जाएगी। पारदर्शिता हेतु चयन उपरान्त इनका आवंटन स्थानीय निकायों को जरिए लॉटरी से किया जावेगा।
13. उपरोक्तानुसार संविदा भर्ती किये जाने के उपरान्त नगरीय निकायों का आवंटन दौसा जिला कलेक्टर एवं जिला परियोजना समन्वयक द्वारा पदवार वर्गानुसार लॉटरी से किया जावेगा।
14. उपरोक्त के साथ–साथ Rajasthan Contractual Hiring to civil post Rules, 2022 के अन्तर्गत निर्धारित प्रकिया अपनाकर संविदा पदों को भरने की कार्यवाही की जावेगी।
15. आवश्यक दस्तावेजो की स्वयं प्रमाणित प्रतिया संलग्न करनी होगी।
16. कार्यालय द्वारा जारी विज्ञप्ति कमांक 4083 दिनांक 09.6.2022 में उल्लेखित वरिष्ठ तकनीकी सहायक पद को विलोपित किया जाता है।
17. कार्यालय द्वारा जारी विज्ञप्ति कमांक 4083 दिनांक 09.6.2022 द्वारा इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गांरटी के लिये स्वीकृत संविदा पदों हेतु संविदा कार्मिको को देय मानदेय संशोधित किया गया है।
18. चुकिः वरिष्ठ तकनीकी सहायक का पद विलोपित किया गया है कार्यालय द्वारा जारी विज्ञप्ति कमांक 4083 दिनांक 09.6.2022 द्वारा प्राप्त वरिष्ठ तकनीकी सहायक के आवेदनों को निरस्त किया जता है।
19. कार्यालय द्वारा जारी विज्ञप्ति कमांक 4083 दिनांक 09.6.2022 द्वारा जिन आवेदको के आवेदन दिनांक 24.6.2022 तक प्राप्त हो चुके है उनको पुनः आवेदन करने की आवश्यकता नही है।

यह विज्ञप्ति वित्त विभाग की आई0डी संख्या 172200740 दिनांक 24.6.2022 द्वारा प्रदत्त सहमति के अनुसरण में जारी की जाती है।

**जिला कलेक्टर एवं जिला**
**परियोजना समन्वयक**
**दौसा**

**क्रमांकः / IRGY-Urban / विज्ञप्ति / 2022 /** 5623 **दिनांकः** 11/07/22

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :–

1. संयुक्त निदेशक, सूचना प्रौधोगिकी एवं संचार विभाग दौसा को प्रेषित कर लेख है कि उक्त विज्ञप्ति को वेबसाईट https:// dausa.rajasthan.gov.in पर उपलोड किया जाना सुनिश्चित करें।

**जिला कलेक्टर एवं जिला**
**परियोजना समन्वयक**
**दौसा**

E/Comm/ltr/

# इन्दिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना

## आवेदन प्रपत्र

आवेदक का फोटो

जिला :— दौसा

| | |
|---|---|
| आवेदक का नाम :— | |
| लिंग (पुरूष / स्त्री) :— | |
| पिता / पति का नाम | |
| आवेदक की जन्म तिथि :— | |
| मूल निवासी :— | |
| पद जिसके लिए आवेदन :— | |
| आवेदन की शैक्षिक योग्यता :— | |
| अनुभव :— | |
| वर्ग :— | |
| मोबाईल नम्बर :— | |
| ई—मेल आई.डी. :— | |

| शैक्षणिक स्तर | वर्ष | बोर्ड / विश्वविधालय | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|
| माध्यमिक | | | | |
| सी.सैकण्डरी | | | | |
| डिग्री / डिप्लोमा | | | | |
| अन्य योग्यता | | | | |

आवेदक के हस्ताक्षर
नाम मय पत्र व्यवहार का पता

शपथ ग्रहिता

मैं शपथ पूर्वक बयान करता हूँ / करती हूँ कि उपरोक्त सूचनाऐं सत्य है एवं कोई भी तथ्य छुपाये नही गये है।

हस्ताक्षर

# कार्यालय नगर परिषद,दौसा

## जांच प्रपत्र

आवेदक का नाम..................................................................

पिता का नाम..................................................................

जिस पद के लिए आवेदन किया है................................

| क्र.स. | संलग्न प्रपत्र का नाम | हां/नही |
|---|---|---|
| 1 | शैक्षणिक योग्यता सम्बधी प्रमाण पत्र | |
| | (अ).10 वी मार्कशीट और प्रमाण पत्र | |
| | (ब). 12 वी मार्कशीट और प्रमाण पत्र | |
| | (स).स्नातक डिग्री/स्नातकोत्तर डिग्री/डिप्लोमा | |
| | (द).अन्य प्रमाण पत्र | |
| 2. | जाति प्रमाण पत्र | |
| 3. | मूल निवास | |
| 4. | आधार कार्ड | |
| 5. | विवाह प्रमाण पत्र | |

आवेदक के हस्ताक्षर